Book Ad Any category of Classified and get
**Special Discount**
Times of india/ Hindustan times/ Denik jagran / Amar ujala/ Navbharat times Hindustan hindi
**Discount Code TBC10**
Contact:
**Kunika Advertising**
Plot no- 516. Sector-12, Friends Co-operative Society, Vasundhara, Ghaziabad
**Mo. 8130640000**

**Year-**15 **Issue-** 04
Ghaziabad, Sunday, 25 June- 2023

25 June to
01 July- 2023

**Page:** 8

**Postal Registration No:** UP/GZB-80/2016-18
**RNI.No:** UPBIL/2009/28691
**DAVP Code:**101473
**Editor:** Dheeraj Kumar
**Mob.:** 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
www.tbcgzb.com
Email: editor@tbam.co.in

Page 2


Page 5


Page 7


# आरएचएएम फाउंडेशन ने रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर, गाजियाबाद सेंट्रल और सैफ्रोन के सहयोग से शुरू की एंबुलेंस सेवा

## आरआईडीई राजू सुब्रह्मण्यम व आरआरएफसी डॉ. सुब्रह्मण्यम ने वरदान अस्पताल में किया शुभारंभ










**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** रोटरी इंटरनेशनल डायरेक्टर इलेक्ट राजू सुब्रह्मण्यम व आरआरएफसी डॉ. सुब्रह्मण्यम ने मेरठ रोड स्थित वरदान मल्टी स्पेश्यालिटी अस्पताल में एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ किया। यह एंबुलेंस सेवा आरएचएएम फाउंडेशन ने रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर और रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफ्रोन, डिस्ट्रिक्ट रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेंट्रल और रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली ईस्ट एंड के सहयोग से शुरू की है। अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर एंबुलेंस को रवाना किया।

इस मौके पर आरआईडीई राजू सुब्रह्मण्यम ने कहा कि देश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने में रोटरी क्लब लगातार प्रयास कर रहा है। एनसीआर क्षेत्र में कई अस्पतालों में एंबुलेंस सेवा शुरू की गई है। एंबुलेंस सेवा के शुरू होने से मरीजों को घर से अस्पताल लाने और उन्हें घर तक छोड़ने में परेशानी दूर हो जाएगी।

आरएचएएम फाउंडेशन के फाउंडर अध्यक्ष डॉ. धीरज भार्गव ने बताया कि यह एंबुलेंस सेवा सभी अस्पतालों के लिए उपलब्ध होगी।

जरूरत मंद फोन कर इस सेवा का लाभ उठा सकते हैं। एंबुलेंस के रखरखाव की जिम्मेदारी रोटरी क्लब खुद उठाएगा। रोटरी क्लब की ओर से शववाहन सेवा भी शुरू की गई है। गाजियाबाद के दूसरे अस्पतालों में भी जल्द एंबुलेंस सेवा शुरू की जाएगी।

इस मौके पर डीजी ललित खन्ना, पीडीजी जे के गौड़, दीपक गुप्ता, अशोक अग्रवाल, डॉ. अमिता महिंद्रू, अशोक बजाज, रवि बाली, आरएचएएम के सचिव दयानंद शर्मा, सुनील मल्होत्रा, विनोद अग्रवाल, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर की अध्यक्ष मनीषा भार्गव, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफ्रोन की अध्यक्ष कुनिका भार्गव, अनिल छाबड़ा, अंजलि बावा, दयाराम यादव, एनके भार्गव, कोमल जैन, रंजीत खत्री, सुधीर सरदना, श्रेय पसारी, वरुण शर्मा, विनीत अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## TIRUPATI EYE

### फ्री कानूनी सहायता देगी योगी सरकार

योगी सरकार ने प्रदेश की जनता को फ्री कानूनी सहायता देने और छोटे-छोटे विवादों को समझौते के आधार पर निपटाने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत दो वर्ष के लिए कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली (एलएडीसीएस) को लागू किया है। योगी सरकार ने प्रदेश की जनता को इसका अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है ताकि आपराधिक मामलों में सार्वजनिक रक्षक प्रणाली की तर्ज पर आम जन को कानूनी सहायता प्रदान की जा सके। एलएडीसीएस प्रणाली में चीफ, डिप्टी एवं असिस्टेंट काउंसिल की सेवाओं के माध्यम से आम जन को कानूनी सहायता प्रदान की जाएगी। योगी सरकार का एलएडीसीएस का लागू करने का उद्देश्य समाज के कमजोर और निर्बल वर्गों को प्रभावी और कुशल कानूनी सेवाएं प्रदान करने के लिए न्यायालय आधारित कानूनी सेवाओं को मजबूत करना है। साथ ही पात्र व्यक्तियों को आपराधिक मामलों में गुणात्मक और सक्षम कानूनी सेवाएं प्रदान करेगा। इसका लाभ अनुसूचित जाति और जनजाति के सदस्य उठा सकते हैं। किसी व्यक्ति द्वारा किए जा रहे अवैध व्यापार से पीड़ित इसका सीधा लाभ ले सकेगा। प्रदेश की पीड़ित की महिलाओं, बेटियां और बच्चों को यह सहायता मिलेगी। इसके अलावा दृष्टिहीन, कुष्ठ रोग, बहरेपन, दिमागी कमजोरी आदि निर्योग्यता से ग्रस्त व्यक्ति सहायता पा सकता है।

**BUREAU OFFICE**
**PRATEEK BHARGAVA**
**BUREAU CHIEF**
Add: Plot No- 516, Sector 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)
Mo.: 8130640011
e-mail: prateekb@tbcgzb.com
**Contact for Press Release and Advertisements**

# गाजियाबाद में कुत्तों का आतंक

## पिछले 14 दिनों में कुत्तों ने 1832 लोगों को काटा है



**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में कुत्तों के हमले की घटनाएं कम नहीं हो रही है। पिछले 14 दिनों में कुत्तों ने 1832 लोगों को काटा है। ऐसा नहीं हैं कि सिर्फ आवारा कुत्तों ने ही लोगों को काटा है। बल्कि पालतु कुत्तों ने भी कई लोगों को काटा है। वहीं अगर बंध्याकरण यानि स्टेरीलाइजेशन की बात की जाए तो शहर में करीब डेढ़ लाख कुत्तों में से सिर्फ 4000 कुत्तों का ही बंध्याकरण किया गया है।

जानकारों का कहना है कि भारी गर्मी के कारण कुत्ते विचलित हो रहे हैं। गर्मी से परेशान होकर वे इंसानों पर हमला कर रहे हैं। वर्ष भर में मई-जून-जुलाई में कुत्ते के काटने की घटनाओं में तेजी आ जाती है।

### पिटबुल से हमला कराया

गुरुवार को एक बार फिर से पिटबुल कुत्ते ने बच्चे पर हमला कराया गया। घटना नंदग्राम के सिकरोड़ की है। सिकरोड़ गांव में पड़ोसी ने दूध लेकर आ रहे छात्र पर खूंखार प्रजाति के पिटबुल से हमला करा दिया। छात्र ने बिना सेफ्टी के पिटबुल को घुमाने पर विरोध जताया था। इस मामले में तहरीर मिलने पर पुलिस ने पिटबुल के मालिक पिता पुत्र के खिलाफ हत्या की कोशिश का मामला दर्ज कर लिया है। सिकरोड़ निवासी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि गुरुवार 22 जून को सात बजे उनका बेटा 19 वर्षीय अर्पित दूध लेकर आ रहा था तभी पड़ोसी सुंदर अपने पालतू पिटबुल को घुमा रहा था। अर्पित को देखकर कुत्ता भौंकने लगा तो उसने सुंदर से कुत्ते को ठीक से पकड़ने को कहा। आरोप है कि तैश में आकर सुंदर ने अर्पित पर कुत्ते से हमला करा दिया। कुत्ते के हमले से किसी तरह बचकर अर्पित घर पहुंचा और इसकी जानकारी अपने पिता जितेंद्र शर्मा को दी। जितेंद्र शर्मा का कहना है कि जानकारी मिलने पर वह मौके पर गया तो सुंदर के पिता ने उस पर रॉड से हमला कर दिया।

### घटना नंबर-2

यह घटना 14 जून की है। गाजियाबाद की एक सोसायटी में रहने वाले बच्चे को एक पिटबुल ने काट दिया। कक्षा दो में पढ़ने वाला छात्र नमन अपनी सोसाइटी में नीचे खेल रहा था तभी अचानक पिटबुल ने उस पर हमला कर दिया और गंभीर रूप से घायल कर दिया।

गाजियाबाद के थाना क्रॉसिंग इलाके की सोसायटी में रहने वाले 7 वर्षीय छात्र नमन अपनी सोसाइटी चित्रावन में नीचे खेल रहा था तभी अचानक पिटबुल ने उस पर हमला कर दिया और गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसी तरह वहां मौजूद लोगों ने 7 वर्षीय मासूम को कुत्ते से छुड़ाया पर जब तक पिटबुल मासूम को गंभीर रूप से घायल कर चुका था। परिजनों ने पूरे मामले की शिकायत थाना क्रॉसिंग में दर्ज करवाई है जिसके बाद पुलिस ने नाबालिग का मेडिकल कराते हुए मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार रोज 100 लोगों को कुत्ते काट रहे हैं। इनमें से 10-15 लोगों को एक साथ शरीर में दो-तीन जगहों पर कुत्ते काट रहे हैं। जून में अब तक 1832 लोगों को कुत्तों ने काटा है। कुत्तों द्वारा काटे जाने की घटनाएं बढ़ने के बाद नगर निगम की ओर से एडवायजरी जारी की गई है।

वहीं, निशुल्क एंटी रैबीज वैक्सीन लगवाने वाले मरीज रात को अब इमरजेंसी में भी पहुंच रहे हैं। जून में अब तक 254 बच्चों को कुत्तों ने काटा है।

कई बच्चों को इमरजेंसी में एआरवी लगाने के साथ भर्ती करना पड़ा। बुधवार को 128 लोगों कुत्तों के काटने पर एआरवी लगवाई है।

### इन इलाकों में कुत्तों का आतंक अधिक

विजयनगर, लालकुआं, इंदिरापुरम, राजनगर एक्सटेंशन, गोविंदपुरम, नंदग्राम, सेवानगर, शिब्बनपुरा ,सेवानगर, क्रासिंग रिपब्लिक,वसुंधरा, अर्थला, संजयनगर, कैला भट्टा,पीले क्वार्टर, लोहिया नगर, राजनगर, शास्त्रीनगर और मोरटा।

### कुत्ते के काटने पर क्या करें?

जिला एमएमजी अस्पताल के सीएमएस डॉ. मनोज कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि कुत्ते के काटने पर तुरंत चिकित्सक को दिखाना बहुत जरूरी है। स्वास्थ्य केंद्रों पर निश्शुल्क एंटी रैबीज वैक्सीन लगाई जाती है। रैबीज एक लाइलाज बीमारी है। इसे केवल समय पर एआरवी लगवाने से रोका जा सकता है।

पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. अनुज कुमार सिंह ने बताया कि अनुमानित डेढ़ लाख आवारा कुत्तों के सापेक्ष अब तक 4000 कुत्तों का ही बंध्याकरण हो सका है। पालतू कुत्ता रखने वाले 4600 लोगों ने ही पंजीकरण कराया है। पालतू कुत्तों के काटने पर 15 लोगों पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। एनीमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर बनाया जा रहा है।

### विगत छह माह का विवरण

| माह | एआरवी लगवाने वाले |
|---|---|
| जनवरी | 3203 |
| फरवरी | 3510 |
| मार्च | 3640 |
| अप्रैल | 3462 |
| मई | 3784 |
| जून | 1832 |



### कुत्ता काटे तो कहां जाएं... किससे करें शिकायत? जानें सभी विकल्प

अगर आपको या आपके परिचित को कुत्ता काटता है, तो इसके लिए कहां मदद मांगनी चाहिए, यह जान लें। जरूरी है कि डॉग अटैक की बढ़ती घटनाओं के बीच आप यह जान लें कि इसको लेकर सरकार और प्रशासन की तरफ से क्या नियम बनाए गए हैं। कुत्तों के काटने पर रेबीज जैसी खतरनाक बीमारी हो सकती है. भारत में इस बीमारी से हर साल करीब 100 लोगों की मौत होती है। ऐसे में आपको यह जानना जरूरी है कि अगर कुत्ते के काटने की घटना आपके साथ होती है, तो कहां शिकायत करनी चाहिए। क्योंकि सही जगह शिकायत करने से ही समस्या का सही समय पर निस्तारण हो सकेगा।

#### आइए जानते हैं कुत्ते के काटने पर कहां कर सकते हैं शिकायत-

1. कुत्ता काटे तो संबंधित थाने में निगम या स्थानीय निकाय में शिकायत की जा सकती है।
2. पड़ोसी को परेशानी हो तो वह पशु पालन विभाग और निगम में शिकायत कर सकता है।
3. पशु पालन विभाग या निगम स्तर पर पशु का स्टेरलाइजेशन जरूरी है.

#### यह भी जान लें कि कुत्तों के काटने पर हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने क्या नियम बनाए हुए हैं

1. 9 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जो लोग लावारिस कुत्तों को खाना खिलाते हैं, उन्हें टीकाकरण के लिए जिम्मेदार बनाया जा सकता है।
2. 2016 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित श्री जगन आयोग को कुत्तों के हमलों में पीड़ितों को मुआवजा वितरण के बारे में रिपोर्ट प्रस्तुत करने को भी कहा है।

# संत सनातन कुंभ में सैकड़ों साधु संत पहुंचे श्रीदुधेश्वरनाथ मंदिर

**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** उत्तरप्रदेश के सबसे बड़े सिद्धपीठ श्री श्रीदुधेश्वरनाथ मंदिर परिसर में आज संत सनातन कुंभ में सैकडों साधु संतों ने प्रतिभाग किया। ब्रम्हलीन श्रीमहंत गौरी गिरी जी महाराज और समस्त समाधि वाले सिद्ध गुरु मूर्तियों की पुण्य स्मृति में आयोजित संत सनातन कुंभ में श्रीमहंत नारायण गिरी जी महाराज व मंदिर विकास समिति के उपाध्यक्ष अनुज धर्म गर्ग ने सिद्ध समाधी वाले गुरुमूर्तियो का पूजन व भगवान दूधेश्वर का अभिषेक किया। खास बात यह



है कि मंदिर में स्थापित समस्त देवी देवताओं का पूजन कर गौ माता को गुड रोटी खिलाई गई और विद्यापीठ के आचार्यों व विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रो से पूजन करवाया। इसी कड़ी में प्रेमगिरी जी महाराज अध्यक्ष श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा हरिद्वार ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर शहर विधायक अतुल गर्ग, लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर, साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा, पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी, महामंडलेश्वर नरसिंहानंद गिरि जी महाराज, श्रीमहंत सोम गिरि जी महाराज जोधपुर, पं. महेश चंद वशिष्ठ जी, प्राचीन देवी मंदिर दिल्ली गेट के महंत गिरिशानंद गिरि जी महाराज, विजय गिरी जी महाराज, कन्हैया गिरि, जगदीश गिरि जी राजस्थान, साध्वी कैलाश गिरी हिंडन नदी, राजस्थान से ठाकुर जेठूसिंह तेलवाडा, मागुसिह तेलवाडा, वीरसिंह पुर्व प्रधान सिवाना, चन्द्रपुरी तेलवाडा, विजय सिहंल, पृथ्वी सिंह रामदेरिया, जितेन्द्र सिंह गोलियां, शनि पीठाधीश्वर श्री दाती महाराज जी, स्वामी गिरिशानंद, एस आर सुथार मीडिया प्रभारी, विजय मित्तल अध्यक्ष श्रंगार सेवा समिति, विजय गिरी, कन्हैया गिरि जी महाराज, विजय सिंहल आचार्य लक्ष्मीकांत, तोयराज उपाध्याय, नित्यानंद, विकास पांडेय रमेशानन्द गिरी जी महाराज आदि मौजूद रहे।

# निर्विरोध चुने गए गाजियाबाद नगर निगम कार्यकारिणी के 12 सदस्य





**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** नगर निगम की पहली बोर्ड बैठक शुक्रवार को हुई। इस दौरान 12 नगर निगम कार्यकारिणी सदस्य निर्विरोध चुने गए। इनमें भाजपा के 9 सदस्य सहित कांग्रेस, सपा और निर्दलीय के एक-एक सदस्य चुने गए।

भाजपा ने ऐन वक्त पर पार्षद धीरज अग्रवाल का नाम वापस ले लिया। इस पर मेयर सुनीता दयाल ने कहा कि कार्यकारिणी के सदस्यों के चुनाव में वोटों की खरीद-फरोख्त होने की जानकारी मिली थी। इसलिए भाजपा ने एक उम्मीदवार का नाम वापस लेकर अपने पार्षद की कुबार्नी देकर लोकतांत्रिक व्यवस्था में खरीद-फरोख्त को रोका है और चुनाव निर्विरोध कराया है। मेयर ने कहा कि गलत करने वालों पर मेरी निगाह बनी रहेगी।



नगर निगम कार्यकारणी समिति सदस्य निर्विरोध चुने गए हैं, उनमें अजय शर्मा, आदिल मलिक, धीरेंद्र यादव, प्रवीण चौधरी, मनोज त्यागी, राजकुमार सिंह, गौरव सोलंकी, यशपाल पहलवान, रेखा गोस्वामी, रामनिवास बंसल, राजीव शर्मा और शीतल देओल शामिल हैं।

भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि भाजपा अगर दसवें पार्षद को उतारती तो आसानी से जीत जाती लेकिन लोकतांत्रिक मर्यादाओं का ख्याल करते हुए पार्षद का नाम वापस लिया गया। कई दलों के साथ निर्दलीय प्रत्याशी भी भाजपा के संपर्क में थे।

मजबूत लोकतंत्र के लिए विपक्ष का मजबूत होना आवश्यक है। इसी लिहाज से भाजपा ने दसवें प्रत्याशी का नाम वापस ले लिया।






# Editorial

## Significance of PM's visit to the US

Prime Minister Narendra Modi's three-day state visit to the US has significance as the world has been watching it closely. The world sees it as a sign of how much America attaches importance to India. There is a lot of difference between a casual visit and an official visit to the US. A state visit is not the same as Prime Ministers going to attend a General Assembly meeting and meeting the President of the United States. Only heads of democracies are allowed to make official visits to the United States. The United States, which denied entry to Prime Minister Narendra Modi citing the Gujarat riots in 2005, now invited him for a red carpet state visit and given him the opportunity to address the US Parliament for the second time. Prime Minister Narendra Modi is the third world leader to make a state visit at the invitation of the White House after Joe Biden became president. Prior to this, only the presidents of France and South Korea were given the honor. At $191 billion (roughly Rs. 15.66 lakh crore) of India-US trade, corporate investments in both countries are more than $40 billion (roughly Rs. 3.27 lakh crore) each. Indian companies have invested in all 50 US states. If the number of Indians living in the US is 49 lakh, more than 2 lakh Indian students are studying in American universities. Not only this, but the reason America wants to improve its friendship with India is that India's friendship is necessary for America to control China's dominance in the Indo-Pacific region. The US administration understands that the world cannot face any international problem by removing India. With China and Russia joining hands, the democratic countries of India and the United States are forced to come out of their old mindsets and come together. During the 2020 Galwan Valley Offensive, we were able to confront China boldly only because of the confirmation of US technical assistance and military backing.

**Dr. Dheeraj Kumar Bhargava**

# 4-point strategy to expedite implementation of investment in UP

The Uttar Pradesh Government led by Chief Minister Yogi Adityanath has prepared a four-point strategy for land acquisition to expedite the implementation of investment proposals worth Rs 35 lakh crore received during the Global Investors Summit 2023, on the ground in the state. The Government is coordinating with the Uttar Pradesh State Industrial Development Authority (UPSIDA) in this regard. Notably, the State Government is gearing up for the next groundbreaking ceremony to be held in September this year wherein investment proposals worth hundreds of crores of rupees will be launched. As per the Chief Minister's vision, UPSIDA has taken major steps towards strengthening its land bank in Uttar Pradesh in order to bring about rapid industrial development in the state. UPSIDA, which is working as the nodal agency for industrial development in the state, has not only expanded its land bank to ensure its availability to investors for setting up industries in various areas but



has also come up with a 4-point strategy to acquire unusable, disputed and closed plots.

UPSIDA has been successful in acquiring more than 871 acres of Gram Sabha land spread over several districts of Uttar Pradesh for the promotion of industrial development so far. Additionally, 1300 acres of Gram Sabha land has also been identified and UPSIDA is actively pursuing the acquisition of land for industrial development in various districts. UPSIDA is actively working with the Government of India to acquire large plots of land which have become burdensome or inactive. Two examples of this pioneering initiative by UPSIDA include the acquisition of land owned by BPCL (approximately 231 acres) and Scooter India (approximately 147 acres) in Prayagraj. Under this innovative initiative, UPSIDA has made efforts to acquire unused government land through collaboration with the Indian government. Notably, this strategy aligns with the concept of a national monetization pipeline. Furthermore, UPSIDA is working on acquiring lands that are crucial for industrial development but are stuck due to the bankruptcy declaration process or legal disputes. Thereby, through the assistance of skilled legal professionals and strategic planning, UPSIDA has been successful in liberating significant lands for its objectives, such as the land of Auto Tractor Limited (97 acres) in Pratapgarh and Salempur (580 acres) in Hathras. Efforts are also being made to identify and acquire prominent lands of such ventures under the Uttar Pradesh government, which are either in a dilapidated condition, have already been closed, or are going to be closed.

# 5 places to visit Noida

New Okhla Industrial Development Authority, popularly known as Noida, is a city that represents everything urban. Concrete jungles, express highways, hundreds of IT companies, sky-kissing buildings, flyways, and neatly landscaped parks best define Noida's cityscape.

Does this mean that the city has nothing to delight travelers? It indeed has! From amusement parks, street markets, art galleries, and gardens to sanctuaries, gaming zones, restaurants, and pubs, there are many interesting Noida tourist places. Here's a list of places to visit Noida to make the most of your time during your visit to this city.




**1. Noida Haat**

Noida Haat is a newly developed crafts and food bazaar spread over 10 acres of land. It is a hub for traditional Indian handicrafts and handmade products from various states of India. The Haat, offering traditional village-like-HAAT ambience, was established with the aim of providing a platform to local artisans to showcase and sell their products to a wider audience. From textiles, pottery, jewellery, paintings, wood carvings, metal crafts, and more, it has a range of stalls from where you can buy unique souvenirs and gifts for your loved ones. Noida Haat also hosts cultural events and performances, providing visitors with a glimpse of the rich cultural heritage of India. There are also several food stalls serving local cuisine, making it a great place to try out traditional Indian delicacies. Overall, the Noida Haat is a must-visit destination for anyone interested in experiencing the vibrant culture and artistry of the country.

**2. DLF Mall of India**

One of the largest malls in Delhi-NCR, DLF Mall of India is a shopping paradise for Gen-Z. The mall features over 330 stores, including both international and domestic brands, as well as a wide variety of dining options, entertainment venues, and a multiplex cinema. Some of the key attractions of the mall include the indoor ski slope, which is the first of its kind in India, and the largest gaming zone in the country, which features a wide variety of video games, bowling alleys, and other interactive experiences. In addition, DLF Mall of India also hosts a number of cultural events, live performances, and festivals throughout the year.

**3. Worlds of Wonder (WOW)**

Let's start with one of the most visited tourist attractions in Noida, namely Worlds of Wonder. Popularly known as WOW, this theme park is spread over 10 acres of land with an amazing range of rides and water slides. Some of the key attractions at the park include Rockin Roller, Fast Forward, Chart Smashers, Big Beat, Download, and Hippti Hop, among others. The thoughtfully designed park also has a designated zone for your little ones, named La Fiesta. With an artificial lake, rain dance zone, go-karting zone, and several eateries offering delectable food and beverages, WOW presents you with a complete package of fun and entertainment.

**4. Noida Golf Course, Noida**

How about spending a few hours honing your teeing skills? Make your way to the 18-hole golf course in Noida which, interestingly, is located on the spot where the Battle of Delhi was fought a few centuries ago. Established in the year 1989, the 97-acre course is where you can have a fun time with your family and friends while in the city. The club also has a swimming pool, café, library, pool table, and other facilities. And, the best part? You can enjoy all these and more even if you are a non-member too because the course is open to public.

**5. Brahmaputra Market, Noida**

If you are a foodie, do not miss the mouthwatering street grubs being sold at Brahmaputra Market. Locally known as BP, this food street is to Noida what Chandni Chowk is to Delhi. Whether you are looking for chaats, momos, rolls or South Indian snacks, you will find it all in this pocket-friendly food haven. While you are here, do visit some of the popular food joints in the market including Lakshmi Coffee House, Kapoors Balle Balle, 221 B Baker Street, and Agra Chaat Bhandaar.

# 1 जुलाई से एक माह तक चलेगा संचारी रोगों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए एक जुलाई से एक माह तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने इसकी तैयारियों को लेकर बैठक ली। बैठक में उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को जुलाई माह में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। संबंधित अधिकारी 1 जुलाई को अपने-अपने स्तर पर अभियान का शुभारंभ करेंगे। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश से जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जाना है। इसके लिए फ्रंटलाइन वर्कर आशा एवं आंगनवाडी कार्यकत्री प्रत्येक मकान में जाकर संभावित रोगियों के विषय में जानकारी जुटाएंगी। लक्षण वाले किसी व्यक्ति की सूचना प्राप्त होने पर उस व्यक्ति का नाम पता एवं मोबाइल नंबर सहित संपूर्ण विवरण एक लाइन लिस्टिंग फॉर्मेट में अंकित कर क्षेत्रीय एएनएम के माध्यम से ब्लॉक मुख्यालय पर उपलब्ध कराया जाएगा। मलेरिया विभाग के कार्यकर्ता क्षेत्रवार योजना बनाते हुए विगत वर्षों के मच्छर जनित रोगों के आंकड़ों के आधार पर चिन्हित किए गए हाई रिस्क क्षेत्रों में वेक्टर घनत्व का आकलन भी करेंगे।



उन्होंने कहा कि फ्रंटलाइन वर्कर्स के द्वारा अपनी रिपोर्ट के साथ प्रतिदिन कार्य की समाप्ति पर क्षेत्रीय एएनएम के माध्यम से ब्लॉक मुख्यालय पर निर्धारित प्रपत्र जैसे बुखार के रोगियों की सूची, आईएलआई रोगियों की सूची, क्षय रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों की सूची, कुपोषित बच्चों की सूची तथा क्षेत्र वार ऐसे मकानों की सूची जहां घरों के भीतर मच्छरों का प्रजनन पाया गया हो प्रतिदिन ब्लॉक मुख्यालय पर उपलब्ध कराएंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त संबंधित अधिकारीगण 01 जुलाई को संचारी रोग नियंत्रण अभियान का अपने-अपने स्तर पर शुभारंभ करेंगे। पूरे महीने चलने वाले इस अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय अधिकारीगण अपने स्तर पर निरंतर संचालित कार्यक्रम का स्थल निरीक्षण भी सुनिश्चित करेंगे ताकि पूरे जनपद में इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में स्कूली बच्चों के माध्यम से इस कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर रैलियां आयोजित करने को कहा। अभियान के साथ जन सामान्य को जोड़ने का प्रयास किया जाए। सभी विभाग अपनी-अपनी कार्ययोजना 27 जून तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं जिससे पूरे जुलाई माह में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफलतापूर्वक संचालित किया जा सके। ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से व्यापक जागरूकता कार्यक्रम भी संचालित किया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विक्रमादित्य सिंह मलिक, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भवतोष शंखधर, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. डीएम सक्सेना, राजेश कुमार श्रीवास, अमर जीत सिंह, डॉ. महेश कुमार, शशि वार्ष्णेय, डीएसओ डॉ. आरके गुप्ता, डब्लूएचओ से डॉ. अभिषेक कुलश्रेष्ठ, स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारीगण सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारीगण बैठक में उपस्थित रहे।

# बाबा का बुलडोजर पहुंचा अर्थला, तीन करोड़ की जमीन कराई कब्जा मुक्त

## भूमाफिया के खिलाफ अभियान रहेगा जारी, जबतक शतप्रतिशत माफियाओं के चुंगल से कब्जा मुक्त ना हो जाए : मेयर



टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** हॉट सिटी में बाबा का बुलडोजर भूमाफियाओं पर लगातार कहर बरपा रहा है। आज दूसरे दिन भी हिंडन पार क्षेत्र के अर्थला इलाके में गाजियाबाद नगर निगम का दस्ता बुलडोजर लेकर अवैध कब्जा स्थल पर पहुंचा और देखते ही देखते इस जमीन को कब्जा मुक्त कर दिया। इस जमीन की कीमत लगभग 3 करोड़ बताई गई है।

सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों का मामला निगम के एजेंडे में सबसे ऊपर है। खुद मेयर सुनीता दयाल अवैध कब्जों को लेकर एक्शन मोड में है और इस पूरे ऑपरेशन की कमान भी खुद ही संभाले हुए है। इसी कड़ी में हिंडन नदी से सटे अर्थला स्थित इलाके में 730 वर्गमीटर भूमि खाली कराई गई। मेयर सुनीता दयाल ने आज यहां बताया कि अर्थला में इस कब्जे को लेकर निगम के पास काफी शिकायतें आ रही थी। संपत्ति विभाग से इसका सर्वे कर सबसे पहले हमनें इस मामले की गहराई से जांच कराई, जिसमें पता चला कि खसरा नंबर 1330 में मौजूदा जमीन गाजियाबाद नगर निगम की है और भूमाफियाओं ने इस पर बल पूर्वक कब्जा जमाया हुआ है। कब्जा हटाने के बाद नगर निगम ने अपनी निशानदेही लगा दी है और इस पर गाजियाबाद नगर निगम का बोर्ड भी लगाने के निर्देश जारी कर दिए गए है ताकि आमजनता को पता रहे कि प्रश्नगत जमीन गाजियाबाद नगर निगम की है। मेयर ने बताया कि यह अभियान जब तक जारी रहेगा, जबतक नगर निगम की एक-एक इंच जमीन भूमाफिया के कब्जे से आजाद ना हो जाए।



# पार्ट टाइम जॉब, मिलेगी आपको फुल टाइम जॉब से भी ज्यादा सैलरी

## टीबीसी आपके लिए कुछ पार्ट टाइम जॉब के ऑप्शन लेकर आया है, जहां आप रोजाना 2000 से 2500 रुपये आसानी से कमा सकते हैं

आज के समय में पढ़े लिखे प्रोफेशनल से लेकर 12वीं पास स्टूडेंट्स सभी पार्ट टाइम जॉब की तलाश कर रहे हैं। यहां तक की हाउस वाइफ भी फाइनेंशियली इंडिपेंडेंट होना चाहती हैं। ऐसे में इन लोगों को हर वक्त पार्ट टाइम जॉब की तलाश रहती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि ये अपने खाली टाइम का सही इस्तेमाल करके चार पैसे कमाना चाहते हैं। यहां तक कि आज कल तो वर्क फ्रॉम होम का कल्चर है। ऐसे में आप अपने खाली समय को सही जगह इन्वेस्ट कर मोटी सैलरी कमा सकते हैं। इसलिए आज हम आपको कुछ पार्ट टाइम जॉब के ऑप्शन बता रहे हैं, जहां आप




रोजाना 2000 से 2500 रुपये आसानी से कमा सकते हैं।

कॉपी एडिटर, प्रूफ रीडर व कंटेंट राइटर

सबसे पहली जॉब है कॉपी एडिटर व प्रूफ रीडर की। अगर आपकी हिंदी या इंग्लिश लैंग्वेज पर अच्छी कमांड है, तो आप घर बैठे यह जॉब कर सकते हैं। इसके अलावा आप कंटेंट राइटिंग भी कर सकते हैं। इस जॉब में आपको दिन के हिसाब से पैसे मिलते हैं।

### फोटोग्राफर

आज कल फोटोग्राफर की डिमांड भी काफी बढ़ गई है. ओकेजनल शूट से लेकर फिल्म मेकिंग तक हर जगह एक अच्छे फोटोग्राफर की डिमांड है। आप पार्ट टाइम में फोटोग्राफी करके भी अच्छा पैसा कमा सकते हैं।

### सीखें ग्राफिक डिजाइनिंग


इसके अलावा अगर आप फोटोशॉप या ग्राफिक डिजाइनिंग भी सीख लें, तो आपकी इनकम दोगुना हो जाएगी। आज के समय में इस फील्ड में काफी स्कोप है। पार्ट टाइम जॉब कर एक ग्राफिक डिजाइनर आज से समय में लाखों रुपये भी कमा सकते हैं।


### सॉफ्टवेयर डेवलपर

आज के समय में बहुत सी कंपनियां सॉफ्टवेयर डेवलप करने, सॉफ्टवेयर अपडेट करने और नए एप्लिकेशन बनाने वालो की तलाश में रहती है और इन्हें इनके काम की मोटी सैलरी भी देती है।

# 50 साल में पहली बार रोई अमूल गर्ल

## आखिर क्या है अटरली बटरली के रोने की वजह





अमूल गर्ल को दुनियाभर में मशहूर करने वाले एड गुरू सिल्वेस्टर दा कुन्हा का निधन हो गया। उनके निधन के बाद से हैशटैग अमूल गर्ल और सिल्वेस्टर दा कुन्हा ने टॉप ट्रेंड किया। सिल्वेस्टर दा कुन्हा के निधन की जानकारी गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन के एमडी जयेन मेहता ने ट्वीट कर दी। साथ ही सोशल मीडिया पर एक पोस्टर वायरल हो गया। जिसमें सफेद-लाल रंग का डॉटेड फ्रॉक पहनी सबकी लाडली 'अटरली-बटरली' अमूल गर्ल को रोते हुए दिखाया गया। हमेशा सबको हंसाने वाली चुलबुली अमूल गर्ल के आंखों में आंसू थे। वो दर्द में थीं, क्योंकि उनके जन्मदाता का साथ छूट गया।

### कौन है सिल्वेस्टर दाकुन्हा

1966 में एड गुरु सिल्वेस्टर दाकुन्हा ने अपनी कल्पना से अमूल की 'अटरली-बटरली' गर्ल को जन्म दिया था। उन्होंने अमूल गर्ल कैंपेन बनाकर ब्रांड को अलग पहचान दिलाई थी।अमूल गर्ल दुनिया में सबसे लंबे समय तक लगातार चलने वाले विज्ञापनों में से एक है। अमूल गर्ल विज्ञापन की शुरूआत 1966 में की गई थी। इस कैंपेन के सफल होने की पीछे की सबसे बड़ी वजह इसके साथ दिया गया वन लाइनर 'अटरली-बटरली अमूल' था। ये एड इतना सफल रहा है कि ये अब अमूल ब्रांड की पहचान बन गई है। अमूल अभियान ने 2016 में 50 साल पूरे किए थे। अब ये पिता अपनी अपनी बेटी अमूल गर्ल का साथ छोड़ दुनिया को अलविदा कह गए। पिता के जाने के गम में चुलबुली अमूल गर्ल रो रही थी।

### अमूल गर्ल का डिजाइन दुनियाभर में मशहूर

भारतीय एडवरटाइजिंग इंडस्ट्री के दिग्गज सिल्वेस्टर दा कुन्हा दा कुन्हा कम्युनिकेशंस के चेयरमैन थे। सिल्वेस्टर दा कुन्हा ने अपने भाई के साथ मिलकर में दा कुन्हा कम्युनिकेशंस की स्थापना की थी। सिल्वेस्टर दा कुन्हा एक बिजनेसमैन और मार्केटिंग स्पेशलिस्ट भी थे। अमूल की अटरली बटरली गर्ल को इन्होंने डिजाइन कर दुनियाभर में मशहूर कर दिया। उनके परिवार में उनकी पत्नी निशा और बेटे राहुल दाकुन्हा हैं।

सिल्वेस्टर दाकुन्हा, दिवंगत गर्सन दाकुन्हा के भाई थे। सिल्वेस्टर के बेटे राहुल ने आज तक इस कैंपेन को जारी रखा है। राहुल पिता का कारोबार तो संभालते ही है, साथ-साथ अपने पिता की विरासत को लेकर चल रहे हैं। अमूल ब्रांड को भारत का बड़ा ब्रांड बनाने में अमूल गर्ल का खास रोल रहा है और इस अमूल गर्ल के पीछे सिल्वेस्टर दाकुन्हा का योगदान रहा है।

# लंबी स्क्रीन टाइम से खराब हो रही हैं आंखें? घबराए नहीं, योग में छुपा हुआ है इसका समाधान

आज के आधुनिक डिजिटल युग में जहाँ घंटों तक लैपटॉप और मोबाइल के आगे बैठने से लोगों की आँखों में तनाव बढ़ रहा है। वक्त से पहले बच्चों और युवाओं की आँखों की रोशनी कमजोर हो रही है। इसके अलावा अनगिनत लोग आँखों की कई समस्याओं से परेशान है। सौभाग्य से, इन सभी समस्याओं का समाधान योग में छिपा है।



सदियों तक भारतीय संस्कृति की अनमोल विरासत रहा 'योग' अब दुनियाभर के लोगों की दिनचर्या का अहम हिस्सा बन गया है। योग, मनुष्य के तन एवं मन दोनों को स्वस्थ रखने का काम करता है। यहीं वजह है कि पिछले एक दशक में इसकी लोकप्रियता में काफी ज्यादा वृद्धि हुई है। आमतौर पर लोग वजन घटाने और तनाव कम करने के लिए योग का अभ्यास करते हैं। लेकिन इसके फायदे सिर्फ यहीं तक सिमित नहीं है। आज के आधुनिक डिजिटल युग में जहाँ घंटों तक लैपटॉप और मोबाइल के आगे बैठने से लोगों की आँखों में तनाव बढ़ रहा है। वक्त से पहले बच्चों और युवाओं की आँखों की रोशनी कमजोर हो रही है। इसके अलावा अनगिनत लोग आँखों की कई समस्याओं से परेशान है। सौभाग्य से, इन सभी समस्याओं का समाधान योग में छिपा है। रोजाना नेत्र योग करने से लोग अपनी आँखों की रोशनी और अन्य परेशानियों को ठीक कर सकते हैं।

### आँखों की समस्या दूर करने के लिए करें इन योगासनों का अभ्यास

ऊपर-नीचे और बाएँ-दाएँ आँखों को हिलाना- सीधी मुद्रा में बैठ जाए और फिर पहले एक बार आँखों से ऊपर-नीचे देखें और फिर एक बार बाएं-दाएं देखें। ऐसा लगभग 10 मिनट करें। इससे आँखों का फोकस बढ़ेगा और लचीलेपन को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

*पामिंग-* सबसे पहले अपनी हथेली को आपस में रगड़ कर गर्म करें और फिर धीरे से कुछ सेकंड के लिए उन्हें अपनी आँखों पर लगाए। ऐसा करने से आपकी आंखों की पुतलियों को नमी मिलेगी। इससे आपको अपनी आँखों के तनाव को कम करने में मदद मिलेगी।

*किसी चीज को घूरना-* किसी एक चीज को चुने और फिर थोड़ी सी दूर जाकर उसपर अपना ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करें या फिर उस चीज को घूरने की कोशिश करें। ध्यान रहे ये आपको बिना पलक झपकाए करना है। ऐसा करने से आपको आँखों का फोकस सुधारने में मदद मिलेगी।

### आंखों के योग को करें दिनचर्या में शामिल

- सुबह आँख खुलते ही बिस्तर पर से उठने से पहले बैठे-बैठे आँखों के योग का अभ्यास करें।
- ऑफिस में काम करने के दौरान स्क्रीन से ब्रेक लेकर 5 से 10 मिनट के लिए योग का अभ्यास करें।
- आँखों के योग का आप ट्रेवल करने के दौरान भी अभ्यास कर सकते हैं, इसलिए ऑफिस पहुंचने के दौरान योग करना न भूले।



# गाजियाबाद में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की रही धूम

















**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर गाजियाबाद में हजारों जगहों पर योग शिविर का आयोजन किया गया। सामाजिक संस्थाओं और व्यापारी संगठनों के साथ आरडब्ल्यूए की ओर से योग शिविर लगाए गए। भाजपा ने अपने सभी 356 शक्ति केंद्रों पर योग शिविर का आयोजन किया। वसुंधरा में आयोजित शिविर में भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने योग अभ्यास किया।

नौवें विश्व योग दिवस के अवसर पर भारतीय योग संस्थान जिला वसुंधरा एक के तत्वाधान में वसुंधरा सेक्टर 1 एम आई जी पार्क न 1 में मनाया गया। मुख्य अतिथि दिल्ली प्रांत 2 के कार्य कारिणी सदस्य सी पी गुप्ता, जिला प्रधान मुकेश शर्मा व जिला मंत्री रीता शर्मा ने दीप प्रज्ज्वालेत कर शुभारम्भ किया। तीनों क्षेत्रीय प्रधान विपिन सिंह , विनोद कुमार , डी के गुप्ता तीनों क्षेत्रीय मंत्री शिवांगी सिंह, प्रियंका सचान, सुनीता अहलावत ने योग आसन करवाये। केंद्र प्रमुख कैलाश चंद्र शर्मा, शीतल रुस्तगी, संगीता सोनी सहित विवेकानंद पोखरियाल, गिरीश भारद्वाज, अमरीश, आराध्य त्यागी, आर के मित्तल, राजकुमार, अवधेश, उपेंद्र, आर एस पटेल, पंकज, प्रीता शर्मा, राजश्री, सुनीता, सविता यादव, सरिता, मीना वर्मा आदि ने योग साधना में भाग लिया।

नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इंदिरापुरम स्थित ऑरेंज काउंटी और साया ग्रुप में विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। ऑरेंज काउंटी स्थित सामुदायिक भवन में संयोजक ओपी दीवान के निर्देशन में योग अभ्यास किया गया। वहीं, इंदिरापुरम साया गोल्ड एवेन्यू प्रोजेक्ट की ओर से योग दिवस का आयोजन किया गया। सीएमडी विकास भसीन ने शिविर का शुभारंभ किया।

मेरठ रोड स्थित आरकेजीआईटी के टेक्नोलॉजी और मैनेजमेन्ट कॉलेज में आयोजित योग शिविर में सैंकड़ों की संख्या में छात्र व शिक्षकों ने योगाभ्यास और प्राणायाम किया। निदेशक डॉ. राकेश गोयल ने योग के महत्व के बारे में बताया। शिविर में डॉ. मनोरमा शर्मा, डॉ. आभा वत्स, निधि गर्ग, अनुभव कुमार, दीपाली सिंघल, डॉ. मोनिका आदि उपस्थित थीं।

डीपीएस इंदिरापुरम में नौवें योग दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाय गया। स्कूल के सभी शिक्षण और गैर शिक्षण स्टाफ सदस्यों के लिए एक विस्तृत योग सत्र आयोजित किया गया था।

राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने एसआरजी स्पोर्ट्स कंपलेक्स बम्हैटा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया। महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी शशि श्रीवास्तव ने योगाभ्यास और प्राणायाम कराया।

योगाचार्य सुदर्शन देव शर्मा ने योग से होने वाले लाभों के बारे में बताया। इस मौके पर संदीप त्यागी रसम, कुणाल गोस्वामी, रोहित पाल, सुमित यादव, प्रेम यादव, सीमा त्यागी, संजीव श्रीवास्तव, हेमलता चौधरी आदि उपस्थित रहीं। फेडरेशन आफ लाइनपार आरडब्ल्यूए ने पार्षद पूनम सिंह के सहयोग से डुप्लेक्स ब्लॉक, सेक्टर 12 प्रताप विहार में भव्य योग दिवस का आयोजन किया। योग प्रशिक्षक राजीव त्यागी व डॉ. सुनील ने योगिक क्रियाएं कराईं।

फेडरेशन के अध्यक्ष आर के आर्य ने स्वस्थ रहने के लिए योग की महत्ता के बारे में बताया। वार्ड 37 शालीमार गार्डन साहिबाबाद गाजियाबाद के स्वामी विवेकांनद पार्क में नौंवा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया।

पतंजलि योग कक्षा वीवीआइपी राज नगर एक्सटेंशन के द्वारा वीवीआइपी क्रिकेट ग्राउंड राज नगर एक्सटेंशन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि स्वामी दीपांकर , भाई दास जी, वीवीआइपी के सीएमडी प्रवीण त्यागी शामिल हुए। संयोजन योगाचार्य डॉ. एस पी त्यागी ने किया।

वहीं, नेहरू नगर स्थित उद्यान में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में योग शिक्षक विजय पाल सिंह ने योग क्रियाओं की जानकारी दी। इस मौके पर संयोजक प्रदीप चौधरी, सुशील गौतम, राजेंद्र तितौरिया, मिथलेश तितौरिया, ओम दत्त कौशिक शामिल हुए।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद इंदिरापुरम शाखा ने स्वर्ण जयंती पार्क में योग शिविर का आयोजन किया गया। आरोग्य भारती के अध्यक्ष योगाचार्य खिलेंद्र चौधरी एवं सुश्री ज्योत्स्ना चौधरी द्वारा प्रोटोकॉल अनुसार योग कराए।

अंतराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर आरएचएएम फाउंडेशन ने रोटरी क्लब ऑफ कौशांबी और कमला नेहरु नगर स्थित आठवीं बटालियन एनडीआरएफ में आजादी के 75वें अमृत महोत्सव पर नौवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर गाजियाबाद एनडीआरएफ बटालियन की वीमेन वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्षा डॉ अनुपम गौतम तिवारी की मौजूदगी में योग शिविर का आयोजन किया गया।

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आरएचएएम फाउंडेशन ने रोटरी क्लब ऑफ कौशांबी के सहयोग से किया शिविर का आयोजन










**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर आरएचएएम फाउंडेशन ने रोटरी क्लब ऑफ कौशांबी और आरडब्ल्यूए के सहयोग से वैशाली स्थित नील पद्म कुंज में योग शिविर का आयोजन किया। योग गुरु माधुरी गुप्ता ने योग क्रियाओं और आसन का अभ्यास कराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटेरियन रवि बाली थे। शिविर के आयोजन में डिस्ट्रिक्ट रोटरी हेल्थ अवॉयरनेस मिशन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेंट्रल, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली ईस्ट एंड और रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफ्रोन ने सहयोग किया। शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए योग गुरु माधुरी गुप्ता ने कहा कि लाइफ स्टाइल में आए बदलाव के कारण लोगों में अल्प आयु में ही कई तरह की बीमारियां घर कर जाती है। योग के द्वारा इन बीमारियों को दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया योग को अपना रही है। योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाना होगा तभी शरीर को निरोग बनाया जा सकता है। मुख्य अतिथि रवि बाली ने कहा कि योग सदियों से भारतीय संस्कृति और सभ्यता का हिस्सा रहा है। हमारे ऋषि मुनी योग के जरिए अपने शरीर को स्वस्थ बनाए रखते थे। आज पूरी दुनिया में योग छाया हुआ है। आरएचएएम फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. धीरज भार्गव ने कहा कि योग से लाभ ही लाभ होता है। योग यानि जोड़ना, इससे शरीर निरोग और मन मस्तिष्क को शांति मिलती है। शिविर में कई क्रियाएं और आसनों का अभ्यास कराया गया। शिविर में 35 लोगों ने शिरकत की। रोटरी क्लब ऑफ कौशांबी की अध्यक्ष सुनीता मेहता और प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर प्रीति नंदी ने सभी का स्वागत किया। शिविर के समापन मौके पर पौष्टिक खाना और स्मृति चिन्ह दिया गया। इस मौके पर आरएचएएम की टीम से अनिल छाबड़ा, अनिल बावा, दयाराम यादव, एन के भार्गव, दिवाकर तिवारी, कोमल जैन, रंजीत खत्री, सुधीर सरदाना, श्रेय पसारी, वरुण शर्मा, विनीत अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# आरएचएएम के सहयोग से त्रिवेणी मेमोरियल फाउंडेशन ने किया योग शिविर का आयोजन









**टीबीसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** सामाजिक संस्था त्रिवेणी मेमोरियल फाउंडेशन ने रोटरी क्लब ऑफ कौशांबी और आरएचएएम फाउंडेशन के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर योग शिविर का आयोजन किया। किरण गार्डन स्थित हनुमान मंदिर के पास गली नंबर आठ में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। आरएचएएम के संस्थापक अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. धीरज भार्गव, त्रिवेणी मेमोरियल फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष भूमिका बक्शी भट्ट और रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम की अध्यक्ष रोटेरियन सुनीता मेहता ने संयुक्त रूप से शिविर का शुभारंभ किया। ओम की जाप से योग क्रियाएं शुरू की गई। योग प्रशिक्षक की देखरेख में लोगों ने सूर्य नमस्कार के साथ ही कई तरह की योग क्रियाएं कीं। इसके बाद कई तरह के आसन के भी अभ्यास कराए गए। शिविर में छोटे-छोटे बच्चों ने योग क्रियाएं करने में बहुत रूचि दिखाई।

आरएचएएम के अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. धीरज भार्गव ने कहा कि प्राचीन काल से ही भारत में योग का प्रचलन था। हमारे पुराणों में योग का जिक्र है। ऋषि मुनि योग के जरिए ही खुद को स्वस्थ्य रखते थे। प्रधानमंत्री मोदी ने योग को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाई। आज दुनिया के सभी देशों में योग किया जा रहा है। योग की उपयोगिता को भी माना जा रहा है।

उन्होंने कहा कि योग से शरीर को एक नई ऊर्जा मिलती है जो पूरे दिन शरीर में रहकर कार्य करने को प्रेरित करती है। प्रत्येक दिन योग करना चाहिए। इससे कुछ भी नुकसान नहीं होता है, बल्कि लाभ ही लाभ होता है।

त्रिवेणी मेमोरियल फाउंडेशन की अध्यक्ष भूमिका बख्शी भट्ट ने कहा कि योग के प्रति युवाओं को रूझान बढ़ रहा है। पहले वे कसरत के लिए जिम जाते थे लेकिन अब योग शिविरों में जाने लगे हैं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मनाने का उद्देश्य भी यही है कि ज्यादा से ज्यादा लोग योग की ओर आकर्षित हो।

Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargava at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. **Editor:** Dheeraj Kumar, **Resident Editor:** Manisha Bhargava** **Email:** editor@tbam.co.in
**RNI. No:** UPBIL/2009/28691, **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, **Fax :** 0120-4561000
**Add:** Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)**
Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.